Nai Dunia (Indore), 06th February 2021, Page-2

# टेक्नोलाजी इनोवेशन हब के लिए नियुक्त होगा सीईओ

## केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने 100 करोड़ रुपये किए मंजूर

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** इंडियन इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) इंदौर में टेक्नोलाजी इनोवेशन हब बनाया जाएगा। केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग ने संस्थान को 100 करोड़ रुपये का अनुदान मंजूर किया है। प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने से पहले आइआइटी ने सीईओ को नियुक्त करने का फैसला लिया है। इसकी प्रक्रिया अगले महीने शुरू हो सकती है। फिलहाल इसके लिए इंडस्ट्री से अनुभवी लोगों को मौका दिया जा सकता है।

प्रोजेक्ट को तैयार करने में छह महीने का समय लगा है, जिसमें डॉ. भूपेश कुमार लाड़, प्रो.अभिनव क्रांति, डा.अभिषेक श्रीवास्तव, प्रो.संदीप चौधरी, डा.अंकुर मिगलानी, डा.भार्गव वैद्य और डा.किरण बाला ने सहयोग किया है। टीम के मुताबिक इनोवेशन हब प्रोजेक्ट में सिस्टम, सिम्युलेशन, माडलिंग, साइबर भौतिक प्रणाली के विजुअलाइजेशन पर काम किया जाएगा। संस्थान ने सीईओ की नियुक्ति का फैसला बीते दिनों लिया है, आवेदन बुलाए जा रहे हैं। इंडस्ट्री का अनुभव के अलावा आवेदक का इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री को भी खास महत्व दिया जा रहा है। सीईओ का कार्यकाल दो साल का निर्धारित किया है।